राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (B–445) अलेसे– I/522 दिनांकः– 23/07/21

## कार्यालय आदेश

श्री बुद्धिप्रकाश प्रजापत (लिंक नं0 9589), सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I का स्कूल व्याख्याता परीक्षा, 2015 में चयन होने पर निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के नियुक्ति आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/सी–2/नियुक्ति/वाणिज्य/पीएससी–15/2017–18 दिनांक 24.08.2018 के द्वारा प्राध्यापक वाणिज्य (स्कूल शिक्षा) के पद पर नियुक्ति प्रदान किए जाने पर इस निदेशालय के आदेश क्रमांक 1094 दिनांक 30.08.2018 द्वारा उन्हें प्राध्यापक वाणिज्य (स्कूल शिक्षा) के पद पर कार्यग्रहण करने हेतु इनका पदाधिकार सुरक्षित रखते हुए सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I के पद से कार्यमुक्त किया गया था।

इस निदेशालय के आदेश की निरंतरता में श्री प्रजापत को उनके तत्कालीन पदस्थापन विभाग कार्यालय जिला कलक्टर, सवाईमाधोपुर द्वारा आदेश क्रमांक 5564 दिनांक 31.08.2018 द्वारा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के नियुक्ति आदेश क्रमांक शिविरा/माध्य/संस्था/सी–2/नियुक्ति/वाणिज्य/पीएससी–15/2017–18 दिनांक 24.08.2018 की अनुपालना में दिनांक 31.08.2018 को दोपहर पश्चात् कार्यमुक्त कर अपनी उपस्थिति प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रातडिया अन्ता जिला बारां में देने हेतु निर्देशित किया।

राजस्थान सेवा नियम के अनुसार श्री प्रजापत का राजस्थान अधीनस्थ लेखा में पदाधिकार सुरक्षित होने एवं श्री प्रजापत के प्रार्थना पत्र दिनांक 26.08.2020 के आधार पर कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर के आदेश क्रमांक शिविरा/मा./संस्था/सी–2/वाणि.–इति./पीएससी–15/इतिहास/लियन/2020–21 दिनांक 23.06.2021 तथा संशोधित आदेश दिनांक 07.07.2021 की निरंतरता में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रातडिया अन्ता जिला बारां के आदेश दिनांक 13.07.2021 के द्वारा इस निदेशालय में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I के पद पर पुनः उपस्थिति देने हेतु कार्यमुक्त किया गया, जिसके क्रम में श्री प्रजापत ने दिनांक 14.07.2021 को मध्यान्ह् पूर्व इस निदेशालय में उपस्थिति प्रस्तुत की है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रातडिया, ब्लॉक अन्ता जिला बारां के आदेश दिनांक 13.07.2021 के द्वारा श्री प्रजापत के विरूद्ध कोई विभागीय जांच लम्बित/प्रस्तावित नहीं होने एवं उक्त विभाग द्वारा श्री प्रजापत का व्याख्याता के पद पर स्थायीकरण नहीं किया जाना अवगत कराया है।

अतः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर के आदेशों के क्रम में श्री प्रजापत की सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I के पद पर उपस्थिति स्वीकार करते हुए दिनांक 14.07.2021 से आदेशों की प्रतीक्षा में लेकर तुरंत प्रभाव से कार्यालय राजकीय महाविद्यालय (छात्र), उनियारा जिला टोंक में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I के पद पर पदस्थापन एतद् द्वारा किया जाता है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क) (B–445) अलेसे– I/522 दिनांकः– 23/07/21

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है –**

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रातडिया अन्ता जिला बारां।
4. श्रीमान् जिला कलक्टर, सवाईमाधोपुर।
5. राजकीय महाविद्यालय (छात्र), उनियारा जिला टोंक।
6. श्री बुद्धिप्रकाश प्रजापत, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड– I
7. उपनिदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. निजी सचिव, निदेशक महोदय।

(भवानी सिंह मीणा)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)